डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 17 मार्च, शुक्रवार, 2023





## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं।



कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278

"मैं संसद में अपनी बात रखना चाहता हूं
सदन में अपनी बात रखना मेरा हक है

लेकिन मुझे नहीं लगता संसद में
मुझे बोलने दिया जाएगा"

- श्री राहुल गांधी



**सरकार के 4 मंत्रियों ने मेरे ऊपर सदन में आरोप लगाया है तो मेरा हक है कि मैं सदन में अपनी बात रखूं।**
**आज मेरे आने के बाद ही सदन को स्थगित कर दिया गया और मुझे लगता है कि ये मुझे कल भी सदन में बोलने नहीं देंगे।**
**ये पूरा मामला अडानी के मुद्दे से ध्यान भटकाने का है।**

**-राहुल गांधी**

# अडानी के महाघोटाले को छुपाने के लिए संसद की कार्यवाही चलने नहीं दे रही है मोदी सरकार। मगर ये कोशिश और साज़िश कामयाब नहीं होगी, जवाब और JPC जांच तो लेकर ही रहेगें !

**-डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**






# सेवादल एक विकल्प

पटना। कांग्रेस दर्पण

बात 1959 की हैं, जब कांग्रेस के नासिक अधिवेशन में शामिल होने जा रहें, देश के प्रथम प्रधानमंत्री आदरणीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को गेट पर ही रोक दिया जाता हैं। गेट पर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे कमलाकर शर्मा जिसे नेहरू जी पूछते हैं क्या तुम मुझे नहीं जानते हो।

तो शर्मा जी विनम्रता पूर्वक मुस्कुराते हुए बोलते हैं आप देश के प्रधानमंत्री जी हैं। मैं आपको जानता हूं, लेकिन आपने उचित बेच नहीं लगाया हैं, ऐसे आप अंदर नहीं जा सकते हैं। नेहरू जी मुस्कुराते हुए और अपनी जेब से बैच निकाल कर दिखाते हैं तत्पश्चात शर्मा जी कहते हैं। सर आप अंदर जा सकते हैं।

सेवादल की पत्रिका दल समाचार में इस घटना का जिक्र हैं। अधिवेशन स्थल पर तैनात शर्मा जी कांग्रेस सेवा दल के नायक थे, उस वक्त उनकी इस हिमाकत से समारोह स्थल पर हड़कंप मच गया था पर नेहरु जी तो उनकी परीक्षा ले रहे थे। जिसमें वह पास हो गए।

बाद में शर्मा जी को मुंबई का चीफ ऑर्गेनाइजर बना दिया गया। शर्मा जी नेहरु जी से काफी प्रभावित हुए और नेहरु जी तो सेवा दल के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। शर्मा जी इस बात को अच्छी तरह जानते थे, क्योंकि सेवादल में अनुशासन सर्वोपरि हैं।

## ''कांग्रेस का सच्चा सिपाही कौन''

सन् 1969 में सेवा दल में शामिल हुए बलराम सिंह जो उस वक्त आठवीं वर्ग में पढ़ाई करते थे बलराम सिंह जी बताते हैं, कि डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार और डॉ नारायण सुब्बाराव हार्दिकर जी क्लास फेलो थे। शुरुआती दिनों में दोनों साथ - साथ सक्रिय थे। लेकिन डॉक्टर नारायण सुब्बाराव हार्दिकर जी पर गांधी जी का विशेष प्रभाव था, तो वहीं डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार हिंदू राष्ट्र का सपना देख रहे थे। हेडगेवार ने अपना अलग रास्ता बनाते हुए संघ का गठन किया। वह हिंदू महासभा से जुड़े हुए थे और जब तक जीवित रहें, संघ हिंदू महासभा के यूथ विंग की तरह काम करते रहें।

जबकि सेवादल ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष के रास्ते पर बढ़ता चला गया। डॉ राजेंद्र प्रसाद जी और सुभाष चंद्र बोस जी एवं महान् क्रान्तिकारी राजगुरु तक इसके पदाधिकारी रहें हैं।

## ''कांग्रेस से ज्यादा सेवादल से घबराते थे अंग्रेज''

बलराम जी बताते हैं, कि खान अब्दुल गफ्फार खान के संगठन ''लालकुर्ती'' का विलय भी सेवा दल में करा दिया गया था। आजादी के आंदोलन में सेवादल की भूमिका का था अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता हैं, कि 1931 में सेवादल का स्वतंत्र स्वरूप खत्म करते हुए इसे कांग्रेस का हिस्सा बना दिया गया। ऐसा सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिफारिश पर किया गया। जिसमें उन्होंने गांधी जी से कहा था कि यदि सेवादल को स्वतंत्र छोड़ दिया गया तो वह हम सबको लील जाएगा। इसके 1 साल बाद हीं, अंग्रेजों ने 1932 में कांग्रेस और सेवादल पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में कांग्रेस से प्रतिबंध तो हटा पर हिंदुस्तानी सेवादल से नहीं।

सेवादल और संघ की कहानी भी खरगोश और कछुआ जैसी कही जा सकती है आजादी के बाद सेवादल के पास अपना कोई लक्ष्य नहीं रहा कांग्रेसमें या उपेक्षित हो गया और पिछली पंक्ति में बैठा दिया गया जबकि संघ अपने हिंदू राष्ट्र के सपने को साकार करने की दिशा में कछुआ गति से आगे बढ़ता रहा।

ऐसे समय में जब शिद्दत से महसूस किया जा रहा हैं, कि कांग्रेस अपने जड़ों से उखड़ गई हैं और अन्य पाटियाँ भी यह महसूस कर रहीं हैं, कि संघ के जैसा ही कैडर आधारित संगठन मुकाबले के लिए जरूरी हैं। सेवादल का इतिहास उसे सही रास्ता दिखा सकता हैं, हालांकि सेवा दल से जुड़े किसी भी सदस्य से बात करें, तो, जो जोश व जज्बा 1923 में था, वो आपको अभी भी 1923 वाला ही जुनून, जोश, जज्बा मिलेगा सच्चा कांग्रेसी सेवादल हैं। कभी भी पीठ नहीं दिखाता 'त्याग', 'तपस्या', 'बलिदान' के लिए जाना जाता हैं। सेवादल को अनुशासन प्रिय हैं। यह अनुशासन को सर्वोपरि मांनता हैं। यह एक जमीन से जुड़कर संगठन का विस्तार व कांग्रेस की आवाज को जन-जन तक पहुंचाता हैं। यह सदैव कांग्रेस पार्टी के हित में रहकर कार्य करता हैं। देश की सच्चाई सेवादल जानती हैं। सेवादल देश की असलियत को समझने की परख रखती हैं। यह भारतीय जन समाज की रीढ़ रही हैं।






सेवादल के मुख्य संगठक लाल जी देसाई ...

**1.) कांग्रेस में सेवादल को फौजी अनुशासन और जज्बे के लिए जाना जाता हैं। इसका संगठनात्मक ढांचा और संचालन का तरीका सैन्य रहा हैं।**

**2.) कभी कांग्रेस में शामिल होने से पहले सेवादल की ट्रेनिंग जरूरी होती थीं।**

**3.) देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने भी सर्वप्रथम राजीव गांधी जी को कांग्रेस में शामिल कराने से पहले सेवादल में ही एंट्री कराई थीं।**

**4.) आजाद भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर अब तक के आदरणीय राहुल गांधी जी भी सेवादल को कांग्रेस का सच्चा सिपाही कहते रहे हैं।**

**5.) कांग्रेस के यह सच्चे सिपाही इन दिनों पार्टी की हालात वह अपनी उपेक्षा से उदास और खिन्न हैं। करना तो बहुत कुछ चाहते हैं, पर कर नहीं पा रहें।**

**6.) सेवादल की तर्ज पर ही गठित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लगातार बढ़ती ताकत इन्हें और बैचेन कर देती हैं।**

**7.) संघ का गठन सेवादल के 2 साल बाद किया गया था।**



अफरोज खान



राम कुमार आजाद
सेवादल, जमालपुर, मुंगेर
बिहार प्रदेश

# कुलाधिपति की उपस्थिति में जयप्रकाश विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक होना उच्च शिक्षा जगत के लिए एक नई परंपरा की शुरुआतः डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव

## डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने महामहिम राज्यपाल व कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को उच्च शिक्षा जगत में एक नई परंपरा की शुरुआत करने के मद्देनजर दी बधाई



पटना ।कांग्रेस दर्पण

बिहार के जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने महामहिम राज्यपाल व कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को उच्च शिक्षा जगत में एक नई परंपरा की शुरुआत करने के मद्देनजर बधाई दी है। गौरतलब है कि महामहिम राज्यपाल ने सारण स्थित जयप्रकाश विश्विद्यालय की सीनेट की बैठक में भाग लिया और विश्विद्यालय की आंतरिक व्यवस्था से रूबरू हुए।

इस बाबत श्री यादव ने कहा कि बिहार में ये पहले ऐसे कुलाधिपति हैं जिन्होंने किसी विश्वविद्यालय के सीनेट की बैठक में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि यह एक नई परंपरा की शुरुआत है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को काफी फायदा पहुंचेगा। क्योंकि किसी भी विश्वविद्यालय का सीनेट उसकी विधानसभा होती है, ऐसे में वहां विश्वविद्यालय से संबंधित कई प्रकार के सवाल उसके सदस्यों के द्वारा उठाए जाते हैं। जिसमें बहुत से सवाल तो ऐसे भी होते हैं जिसे कुलपति अपने स्तर पर सुलझाने में खुद को विफल पाते हैं। लेकिन ऐसी बैठक में कुलाधिपति का शिरकत किया जाना सराहनीय तो है ही।

साथ ही उस विश्वविद्यालय के कार्यों को भी गति प्रदान करने वाला साबित होगा। लिहाजा, उन्होंने उच्च शिक्षा जगत में इस नई परंपरा की शुरुआत के लिए महामहिम को साधुवाद भी दिया। साथ ही उनसे आग्रह किया कि जेपी विश्वविद्यालय की तरह ही सूबे के सभी विश्वविद्यालयों के सीनेट की बैठक में महामहिम को शिरकत करना चाहिए ताकि उसकी व्यवस्था बेहतर की जा सके।












# बगहा विधानसभा के तमाम कांग्रेस पार्टी के साथी और पदयात्रा में हुए शामिल

पटना। कांग्रेस दर्पण

दिनांक 16/03/2023 को 11 किलोमीटर लम्बा पड़ यात्रा बगहा के इतिहास में पहली बार पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जय सिंह भईया और प्रखण्ड अध्यक्ष कांग्रेस दिनेश यादव , प्रखण्ड सचिव उमेश कुमार पंडित, विनोद महतो, पंचायत अध्यक्ष बिहारी मिया,पंचायत अध्यक्ष बथुवरिया टुनटुन यादव नंदलाल यादव,जयप्रकाश यादव,दिवाकर मिश्रा, छोटा कुमार वार्ड, आदि बगहा विधानसभा के तमाम कॉन्ग्रेस पार्टी के साथी और इस पदयात्रा में शामिल हुए सभी महिलाएं सभी लोगों ने मिलकर इस पदयात्रा को सफल बनाया और सरकार को घेरा क्योंकि बगहा से राजधानी पटना के लिए कोई ट्रेन नहीं है बाकी बिहार के 38 जिलों में राजधानी के लिए ट्रेन सुविधा है लेकिन बगहा के लोगों से ऐसा दुर्व्यवहार क्यों किया जा रहा है इस स्टेशन को गोरखपुर जाने के लिए कोई ट्रेन सुविधा नहीं है और ना ही इस रुप से गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेन है यहां रूकती है माता वैष्णो देवी के पास अगर बगहा वासियों को दर्शन के लिए जाना है तो बगहा में ट्रेन नहीं पकड़ेंगे दूसरे स्टेशन पर जाकर ट्रेन पकड़ना पड़ेगा आखिर बगहा के लोगों से ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है इस सही मुद्दे के लिए जय सिंह भैया ने माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से कई बार मिले कोई नेताओं से मिले।







आश्वासन पर आश्वासन मिला लेकिन काम अभी तक नहीं हुआ इस आंदोलन को शुरू करते हुए जय सिंह भैया ने बताया कि 20 दिनों का समय दिया गया है अगर 20 दिन में हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो इससे भी बड़ा आंदोलन होगा अवध ट्रेन को जाम किया जाएगा आंदोलन हुए मजबूती के साथ लड़ा जाएगा जब तक सरकार जनता के बातों को नहीं सुन रही थी हमारे यहां के लोगों को और और पटना जाना हो तो बस का किराया ₹800 देकर जाना पड़ता है आखिर नेताजी लोग जनता के हित में कोई कदम क्यों नहीं उठाते हैं चुनाव आते हैं चुनाव जाते हैं वादा होती निभाया जाता है चुनाव के समय जनता को भ्रम फैलाकर वोट एकत्रित करके जीत हासिल कर ली जाती समय आने पर जनता के बातों को नकार दिया जाता है लेकिन अब ऐसा बगहा में नहीं चलने वाला है क्योंकि आने वाले चुनाव में हमारे कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे उम्मीद के साथ जयसिंह भैया को जिताने का वादा किया है जिससे हमारे बगहा का तस्वीर बदल सकती है युवा शक्ति युवा जोश के साथ बगहा आगे बढ़ रहा है

**# बगहा**
**मीडिया प्रभारी कांग्रेस-**
**श्यामसुन्दर कुशवाहा(चंद्रहा रूपवलिया)**


## "मत पूछ मेरे नाम की पहचान कहां तक है, तू बदनाम कर तेरी औकात जहां तक है !

पटना। कांग्रेस दर्पण

माननीय राहुल गांधी जिनका इतना बड़ा राजनैतिक भूतकाल हो जिनके नाना को दुनिया के करीब करीब हर देश मे लोग जानते हैं ..जिनकी दादी और पिता ने अपनी जान देश के लिए दे दी उसका ये आदमी फायदा नहीं उठाना जानता और तो और अपने पिता के कातिलों तक को माफ कर दिया ऐसा कौन करता है आज... लोग तो अपनी गरीबी और जिंदा माँ को बेच बेच कर कहाँ से कहाँ पहुँच गए ' ये कैसा इंसान है इनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगते है... और ये उसका जवाब नहीं देते... जबकि इनके नाना की लिखी किताबों से ही करीब 100 करोड़ की रॉयल्टी आती है...जिसकी एसपीजी सुरक्षा हटा दी जाती है और ये अपने सुरक्षा कर्मियों को धन्यवाद देता है... कोई और होता तो सरकार को गालियाँ देता... और तो और मैंने लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए अपने सुरक्षा कर्मी को धक्का देते हुए भी देखा है..ये ऐसा इंसान है जो चुप चाप मदद करता है कोई दिखावा नहीं करता.. निर्भया के भाई को पायलट बनने मे मदद की कितनो को पता चला ? दूसरे होते तो ₹एलियन₹ तक को बता देते ' लेकिन मै इस इंसान को खास मानता हूं... इसकी सादगी और सच्चाई का लोहा मानता हूं। ये वो इंसान है जिसको दुनिया का हर ऐशो आराम असानी से उपलब्ध है..चाहता तो बहुत पहले सत्ता की सबसे ऊंची और ताकतवर कुर्सी पर बैठ सकता था...लेकिन ऐसा नहीं किया आज वह लड़ रहा है देश की जनता के लिए, अकेला ही इस देश के संविधान को बचाने में लगा हुआ है, इस देश की जनता की हिफाजत के लिए ,इस देश में पुनः भाईचारा स्थापित करने के लिए ,वह शख्स तन मन और धन से प्रयासरत है कि इस देश मे देशवासियों पर हो रहे जुल्म ,बेतहाशा महंगाई की मार, अप्रत्याशित जी एस टी की मार, देश की संपत्ति को निजी हाथों में देने के खिलाफ, देश के नौजवानों को बेरोजगारी मे धकेलने के खिलाफ संसद से से सड़क तक प्रयासरत है, कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जो पुनः इस देश में एकता और भाईचारा ला सकती है, इसलिए अब समय आ गया है कि हम सभी एकजुट होकर हम सबो के नेता जनप्रिय श्री राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करें। और देश से इस दमनकारी सरकार को उखाड़ फेके '

जय हिंद, जय कांग्रेस,....🌷🌷🎗

**अजित कुमार सिन्हा अध्यक्ष**
**प्रखंड कांग्रेस कमिटी**
**मीनापुर मुजफ्फरपुर बिहार।**



#राहुल_गांधी_का_जवाब_सरकार_धैर्य_पूर्वक_सुने ।
#अडानी_प्रकरण_का_जे_पी_सी_जांच_कराना_होगा।





# राहुल गांधी के जवाब को प्रधानमंत्री सहित उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी एवम् सत्ता पक्ष के सांसद कल सांसद में जरूर सुनें : कांग्रेस

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए गए बयान को लेकर संसद में हंगामा मचाने वाले माननीय प्रधानमंत्री, चार वरिष्ठ मंत्रीगण सहित सत्ता पक्ष के सभी सांसद उनके जवाब को धैर्य पूर्वक जरूर सुने।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू , पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, रंजीत कुमार सिंह, शशि कांत सिन्हा, धर्म भवानी सिंह, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम आदि ने कहा कि आज राहुल गांधी जी ब्रिटेन से लौटते ही अडानी प्रकरण पर हमला बोलते हुए लोकसभा अध्यक्ष से सांसद के नाते अपनी बातो को संसद में रखने के लिए समय की मांग की है, जिसे सत्ता पक्ष शांति से सुनने का काम करें।

राहुल गांधी जी लोकसभा में बोलने हेतु समय मिलने पर आशंका जताते हुए कहा की जब अडानी से माननीय प्रधानमंत्री जी के संबंध तथा इससे जुड़े विभिन्न अखबारों, चैनलो की खबरों को मेरे द्वारा समराइज कर जो पहले लोकसभा में बोला गया, उसे संसद की कार्यवाही से हटाने से लगता है की शायद मुझे कल पार्लियामेंट में बोलने का समय मिले।

नेताओ ने केंद्र सरकार, भाजपा, आर एस एम के लोगो से कहा की आप लोग सच्चाई के सामना करने से भागे नही, आरोपों का जवाब सुने, अडानी से सरकार के संबंध को देश को बताए, सर्वदलीय पार्लियामेंट्री कमिटी ( जे पी सी) जांच कराए यही देश की 140 करोड़ जनता चाहती है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की बैठक 18 मार्च को सदाकत आश्रम में होगी आयोजित

पटना.

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर अहम बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में 18 मार्च को आयोजित होगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, विधानमंडल में दल के नेता अजीत शर्मा, विधान परिषद में दल के नेता पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा सहित वरिष्ठ नेतागण इस बैठक में मौजूद रहेंगे।

इस बाबत जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि इस बैठक में सभी जिला के अध्यक्ष, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के सभी जिला के पर्यवेक्षक सहित प्रमंडलीय पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे।

# बेगूसराय-रामदीरी मुख्य मार्ग के लिए पाँच सूत्री माँगों का मेमोरेंडम

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

बेगूसराय-रामदीरी मुख्य मार्ग की जर्जरदता को दुरुस्त करने, सड़क के दोनों तरफ रोशनी की व्यवस्था करने सहित पाँच सूत्री माँगों का मेमोरेंदम।

बेगूसराय नगर निगम कार्यालय में जाकर, माननीय मेयर पिंकी देवी एवम नगर आयुक्त को,नगर काँग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस की अगुवाई में,पूर्व अध्यक्ष रामानंद सिंह,जिला उपाध्यक्ष व बरिष्ठ काँग्रेस नेता रामविलास सिंह,काँग्रेस नेता सुशील कुमार,विक्रम कुमार,रणजीत कुमार मुखिया जी ने सौंपा।

एक-एक कर पाँचो माँग मान लिया गया।

बहुत जल्द ही रतनपुर चौक-पसपुरा-रामदीरी-पसपुरा ढाला के बीच 16 फ़ीट चौड़ा कंक्रीट सड़क बनेगा,दोनों ओर चमचमाता स्ट्रीट लाइट लगेगा।

मेयर ने भरोसा दी।

बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने के लिए,सम्बद्ध कर्मचारी को टेलीफोन पर आदेश देती रही।



# हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के लिए जनसम्पर्क रैली

पटना । कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ''हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम'' के अन्तर्गत वार्ड सं. ''16'' उत्तर प्रताप नगर में जनसम्पर्क रैली का आयोजन किया जा रहा है।

इस रैली को राज्य पशुधन बोर्ड के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी साहब, शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी उत्तर व दक्षिण के अध्यक्ष श्री सलीम खान जी, नरेश जोशी जी,महापौर श्रीमती कुन्ती देवड़ा जी, सूरसागर विधानसभा प्रत्याशी प्रोफ़ेसर अय्यूब खान जी, प्रतिपक्ष के नेता श्री गणपत सिंह जी, उपमहापौर अब्दुल करीम जानी जी, जगदीश भाटी सुरसागर ब्लॉक समन्वयक, सुरसागर ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक मेहरा तथा वार्ड पार्षद प्रत्याशी श्रीमती संजीदा बानो.अब्दुल लतीफ़ पठान.झंडी दिखाकर रैली को शुरू करेंगे।

साथ ही सभी कांग्रेस जन एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, ज़िला कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पार्षद, पूर्व पार्षद,

पार्षद प्रत्याशी, पार्षद प्रतिनिधि एवं मनोनीत पार्षद, सेवादल, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई. महिला कांग्रेस की पदाधिकारी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

आप सभी वार्डवासियों से निवेदन है की राजस्थान के जननायक मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत साहब की जनोपयोगी कार्यक्रमों ओर फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुँचाने हेतु आप सभी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

दिनांक : 17/03/2023

समयः सायं 5. बजे

स्थानः आदर्श प्याऊ. प्रताप नगर सुरसागर विधानसभा जोधपुर

निवेदकः
जगदीश भाटी
समन्वयक ब्लॉक सुरसागर
त्रिलोक मेहरा,ब्लॉक अध्यक्ष सुरसागर
रविंद्र सिंह सिसोदिया
समन्वयक चौ॰हा॰बोर्ड ब्लॉक
परमसुख पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष
चौ॰ हा॰ बोर्ड
श्रीमती संजीदा बानो. अब्दुल लतीफ़ पठान
पार्षद प्रत्याशी वार्ड नः 16 (उत्तर)
9214481400, 6350082300
9983877752
9829461740




# अडानी के साथ PM मोदी के रिश्ते पर श्री राहुल गांधी के सवालों से बौखलाई सरकार पुलिस के पीछे छिप रही है

**भारत जोड़ो यात्रा के 45 दिन बाद राहुल गांधी जी को दिल्ली पुलिस ने नोटिस दिया है, जिसमें उन महिलाओं की जानकारी मांगी गई है जो उनसे मिलीं और खुद के उत्पीड़न के बारे में बात की।हम इस नोटिस का कानून के अनुसार उचित समय पर जवाब देंगे।**

**यह नोटिस इस बात का सबूत है कि सरकार घबराई हुई है। यह नोटिस लोकतंत्र, महिला सशक्तिकरण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विपक्ष की भूमिका को कमजोर करने का नवीनतम प्रयास भी है।**

**तस्वीरें गवाह हैं कि तानाशाह डरा हुआ है।**






एक विचारधारा की सोच है कि भारत की महिलाएं कुछ कामों को करने में सक्षम नहीं हैं।

लेकिन भारतीय महिलाओं ने सदैव ही सफलता, साहस और सक्षमता के अद्वितीय उदाहरण बनाए हैं। भारत की महिलाएं एवरेस्ट पर पहुंचीं, अंतरिक्ष में गईं, प्रधानमंत्री बनीं, राष्ट्रपति बनीं, ग्राम प्रधान बनीं और दुनिया का कोई ऐसा काम नहीं है जिसे कर पाने भारतीय महिला सक्षम नहीं है।

कैप्टन दीक्षा सी. मुदादेवन्नावर पहली महिला अधिकारी हैं जिन्हें बेहद सख्त ट्रेनिंग के बाद भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट की स्पेशल यूनिट के लिए चुना गया है।

कैप्टन शालिजा धामी भारतीय वायुसेना में लड़ाकू यूनिट की कमांडर नियुक्त की गई हैं। वे इस लड़ाकू यूनिट की पहली महिला कमांडर हैं।

सुरेखा यादव भारत की सेमी हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट बन गई हैं।

कैप्टन दीक्षा, कैप्टन शालिजा धामी एवं सुरेखा यादव जी जैसी तमाम महिलाएं हमारे देश का नाम रोशन कर रही हैं और करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। देश को आप सब पर गर्व है।

जय हिंद!

प्रियंका गांधी वाड्रा --







# शिक्षा जगत में आदर्श भूमिका निभा रहे नाथद्वारा विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा



**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

नाथद्वारा ( कमल मानव )। शिक्षित समाज देश के सर्वांगीण विकास की राह प्रशस्त करता है। शिक्षित जनप्रतिनिधि ही नई पीढ़ी के साथ नीतिगत न्याय की पैरवी कर सकता है। समाज के सर्वांगीण विकास में शिक्षा का अहम योगदान है। व्यक्ति यदि शिक्षित है तो वह अपने स्वयं के साथ जुड़े व्यक्तियों के लिए भी सार्थक उत्थान के कार्य कर सकता है। इस बात को स्पष्ट परिभाषित करते हुए नाथद्वारा विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी के प्रयास नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए आगामी दशकों तक अविस्मरणीय रहेंगे। एक साधारण शिक्षक के घर जन्में डॉ. सीपी जोशी स्वयं प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है और अपने क्षेत्र की जनता को लगातार शिक्षा के प्रति जागरुक रख कर क्षेत्र के विकास में विशेष भूमिका अदा कर रहे है। उनका मत है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए यदि ईमानदारी से प्रयास किये जायेंगे तो एक शिक्षित महिला दो घरों का नाम रोशन करेगी। डॉ जोशी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देते हुए आदर्श पर्यावरण निर्माण हेतु निरंतर प्रयास कर रहे है। बात चाहे राजीव गांधी पाठशाला के जरिये सुदूर ग्रामीण आँचल में शिक्षा की अलख जगाने की हो या नाथद्वारा जैसे कस्बे में उच्च शिक्षा हेतु खोले गए संस्थानों की हो, डॉ जोशी ने कभी सिद्धांतों से समझौता कर राजनीति नहीं की जिसके परिणाम स्वरूप आज नाथद्वारा विधानसभा अन्य विधानसभा के समक्ष विशेष स्थान हासिल कर रही है।

विकास पुरुष डॉ सीपी जोशी द्वारा करोडों रुपये के अन्य विकास कार्यों के साथ ही डीएमएफटी फंड का सदुपयोग करते हुए शिक्षा के मंदिरों को उच्चतम स्तर तक विकसित करने हेतु हाल ही में 9 करोड़ 56 लाख की राशि से खमनोर, रेलमगरा व देलवाड़ा क्षेत्र के 37 विद्यालयों को लाभान्वित किया जाना भी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक श्रेष्ठ मिसाल साबित होगी। नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवी वर्ग ने विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री से लेकर विधानसभा अध्यक्ष के रूप में डॉ जोशी के कार्यकाल को आमजन ने पसंद किया व हाल ही में उन्हें देश की युवा संसद द्वारा आदर्श विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान दिया गया ।

नीतिगत राज हेतु जनता की पहली पसंद आज भी डॉ.सी.पी. जोशी है । आमजन को आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का सही उपयोग करते हुए कुशल नेतृत्व की ताकत बन कर अपने शिक्षित होने का परिचय देना मेवाड़ ही नहीं राजस्थान के लिए गर्व का विषय होगा।

**भाजपा की फेक वीडियो फैक्ट्री देश को नफरत में झोंक रही है।**

**एक तथाकथित पत्रकार तमिलनाडु में मजदूरों पर हमले की अफवाह उड़ाता है.. फिर भाजपा की फर्जी न्यूज मंडली उस अफवाह को आग की तरह फैलाती है।**

**भाजपा के फर्जी वीडियो फैक्ट्री की पोल खुल चुकी है, अब नफरत का एजेंडा नहीं चलेगा।**





## जनरल बिपिन रावत

**(16 मार्च 1958 – 8 दिसंबर 2021)**

**देश के पहले सीडीएस एवं सेना प्रमुख रहे जनरल बिपिन रावत जी की जयंती पर सादर नमन।**

**जनरल बिपिन रावत जी के समर्पण, शौर्य और बलिदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।**

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**